<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–24 जून 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- आज से शुरू हो रहा है नई लोकसभा का पहला सत्र, नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई जाएगी शपथ, बुधवार को होगा लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव ।
- नीट यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर शुरू की जांच, विशेष दलों का किया गठन ।
- बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि ।
- प्रदेश में अलग अलग हादसों में हुई सात लोगों की मौत ।

**********

नई लोकसभा का पहला सत्र आज से शुरू हो रहा है । सत्र के दौरान नव–निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएंगी। केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद यह पहला सत्र होगा। इसमें अस्थायी अध्यक्ष के तौर पर नियुक्त वरिष्ठ भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। नये लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव बुधवार को होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बृहस्पतिवार को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। इसी दिन राज्यसभा का सत्र भी शुरू होगा। देश की 18वीं लोकसभा का यह संसद सत्र 30 जुलाई को समाप्त हो जाएगा।

**********

मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी में पेपर लीक मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने पहली प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ये प्राथमिकी शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर दर्ज की गई है। मामले की जांच के लिए ब्यूरो की ओर से विशेष दलों का गठन किया गया है जो पटना और गोधरा जा रहे हैं। प्राथमिकी में कहा गया है कि इस परीक्षा के आयोजन के दौरान कुछ राज्यों में अलग–अलग घटनाएं हुईं। शिक्षा मंत्रालय ने अनियमितताओं की ब्यूरो से व्यापक जांच कराने का अनुरोध किया है।

इस बीच, इस वर्ष परीक्षा में कृपांक पाने वाले एक हजार 563 विद्यार्थियों की कल पुर्नपरीक्षा कराई गई, जिसमें सिर्फ 813 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि साढे सात सौ विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

उधर, इस मामले में बिहार पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए छह आरोपियों को कल पटना में आर्थिक अपराध इकाई की अदालत में पेश किया गया। उन्हें कल झारखंड के देवघर से गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले आर्थिक अपराध इकाई ने इस मामले में बिहार से 13 लोगों को गिरफ्तार किया था।

**********

राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि इसके प्रथम तल का निर्माण कार्य जुलाई दो हजार चौबीस तक और सम्पूर्ण मंदिर का निर्माण दिसम्बर दो हजार चौबीस तक पूरा हो जाएगा। साथ ही परकोटे के भीतर बनने वाले अन्य छह मंदिरों समेत सभी निर्माण कार्य जुलाई दो हजार पच्चीस तक पूरे कर लिए जाएंगे। अयोध्या में कल हुई राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने यह जानकारी दी। श्री मिश्र ने बताया कि भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद से एक करोड़ पचहत्तर लाख से अधिक श्रद्धालु उनका दर्शन कर चुके हैं। यह संख्या इस महीने के अंत तक दो करोड़ तक पहुंच जाएगी।

**********

बरेली स्थित जाट रेजिमेंट सेंटर में हेडक्वाटर्स कोटा के तहत सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली एक जुलाई से आठ जुलाई तक जाट रेजिमेंट सेंटर में होगी। इस रैली में युद्ध विधवाओं के पुत्र, रेजीमेंट के भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिक, युद्ध के दौरान शहीद व घायल सैनिकों के पुत्र एवं सगे भाई, भूतपूर्व और सेवारत सैनिक, युद्ध के दौरान घायल सैनिकों के भाई, पुत्र और कानूनी तौर पर गोद लिये गये बच्चों सहित सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं।

**********

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख ने अपने भतीजे आकाश आनंद को सभी पदों पर फिर से बहाल कर दिया । लखनऊ में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ कल हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने यह निर्णय लिया। श्री आनंद को लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी के सभी प्रमुख दायित्वों से मुक्त कर दिया गया था। पार्टी ने आकाश आनंद को एक बार फिर राष्ट्रीय संयोजक का पद दिया है। बैठक के दौरान लोकसभा चुनाव में बसपा के खराब प्रदर्शन की समीक्षा के बाद सुश्री मायावती ने विश्वास जताया कि बसपा एक बार फिर मजबूती के साथ उभर कर सबके सामने आएगी।

**********

बाघों और हाथियों के संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार ने पहल की है। इसके तहत प्रोजेक्ट टाइगर और प्रोजेक्ट एलीफेंट के लिए सरकार वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पचीस के लिए पांच दशमलव तीन एक करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर चुकी है। वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष ने इस संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश भी जारी किया है। इस धनराशि का इस्तेमाल मशीनों, संयंत्रों और

उपकरणों की खरीद के साथ अन्य मदों में किया जा सकेगा। सरकार के इन प्रयासों से रिजर्व क्षेत्रों में रह रहे हाथियों और बाघों का संरक्षण हो पाएगा।

**********

प्रख्यात विचारक, शिक्षाविद् और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 71वीं पुण्यतिथि कल बलिदान दिवस के रूप में मनाई गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्हें श्रद्धांजलि दी । उन्होंने कहा कि डॉ मुखर्जी ने मां भारती की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका ओजस्वी व्यक्तित्व देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में हजरतगंज स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान के मुद्दे तथा भारत की अखंडता को लेकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने व्यापक आंदोलन किया था। इसके लिए उन्हें अपने प्राण भी त्यागने पड़े।

***डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की प्रतिष्ठा के लिए देश की अखंडता के लिए कश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए एक व्यापक आंदोलन प्रांरभ किया। भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए उन्होंने जो अभियान प्रारंभ किया इसके लिए उन्हें अपने प्राणों तक को त्यागना पड़ा। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जो सपना था वह सपना आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा 370 समाप्त करके एक देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान यह उन भावनाओं को सम्मान करने का जो कार्य आज मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की एनडीए सरकार ने किया है यह उन सभी गुप्त आत्माओं के लिए जिन्होंने कश्मीर के लए देश की अखंडता के लिए देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए अपने आपको बलिदान किया था। उन सभी के प्रति यह एक श्रद्धांजलि है।***

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल आदि मौजूद रहे।

कल वाराणसी में भी उनका बलिदान दिवस मनाया गया । आयुष राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने अपने कैम्प कार्यालय पर हुए श्रद्धांजलि सभा में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। गोरखपुर जिले में भारतीय जनता पार्टी की महानगर इकाई ने उनके बलिदान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया।

**********

एक जुलाई से देश भर में लागू किये जा रहे नये आपराधिक कानूनों में पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया गया है। नये कानून का उद्देश्य न्याय प्रणाली की दक्षता, निष्पक्षता और जवाबदेही को बढ़ाना है। यह पीड़ित को आपराधिक मुकदमें में एक हितधारक के रूप में मान्यता देता है, भागीदारी अधिकार प्रदान करता है और पीड़ित के लिए सूचना का विस्तारित अधिकार प्रदान करता हैं। नये कानून में पीड़ितों को अब अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है, जिससे आपराधिक मामलों में हितधारकों के रूप में उनकी भूमिका मजबूत होती है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 360 का उद्देश्यय केस वापसी की अनुमति देने से पहले पीड़ितों की आवाज को शामिल करना सुनिश्चित करके सीआरपीसी की धारा 321 में ऐतिहासिक कमी को भरना है।

**********

प्रदेश के अलग अलग जिलों में हुए विभिन्न हादसों में सात लोगों की मौत हो गयी, जबकि चार लोगों का इलाज चल रहा है। गाजियाबाद जिले के थाना टीला मोड़ के एक मकान में आग लगने से एक परिवार के सात सदस्य झुलस गये। अस्पताल ले जाने पर परिवार के तीन महिला सदस्यों की मौत हो गयी, जबकि चार लोगों का इलाज जारी है। रायबरेली जनपद के गदागंज थानाक्षेत्र के गंगा घाट पर गंगा नदी में नहा रहे तीन युवकों में से दो युवकों की डूब कर मौत हो गयी। एक युवक बच कर बाहर निकल आया। बदायूं जिले के कुंवरगांव थानाक्षेत्र के मडिया भांसी गांव में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार मां बेटे को रौंद दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी।

**********